# आयुक्त ने गोल मार्केट में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाकर शपथ दिलाए

**भिलाईनगर।** रजत जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पालिक निगम भिलाई के जोन 02 वैशाली नगर अंतर्गत गोल मार्केट में जन जागरूकता लाने एवं सफाई में सहयोग करने के उद्देश्य से आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं वार्ड पार्षद स्मिता दोड़के ने झाडू लगाकर श्रमदान किए। उपस्थित सभी अधिकारीध्कर्मचारियों सहित व्यापारीगणों द्वारा स्वच्छता अपनाने शपथ लिए। जैन मंदिर समीप त्रिकोणा उद्यान में भारत सरकार की अमृत मित्र 2.0 वूमन फार ट्री योजना के तहत महिला स्व–सहायता समूह द्वारा पौधा रोपण किया जा रहा है। जिसका अवलोकन कर आयुक्त ने उद्यान के भीतर स्थापित खेलकूद सामग्री को संधारण कराने निर्देशित किया गया है। श्रमदान के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू, उप अभियंता अर्पित बंजारे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, पीआईयू अभीवन ठोकने, सुभम पाटनी, युक्ति देवांगन, सफाई मित्र सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित रहे। जोन क्रमांक 02 इंदिरा गांधी शासकीय महाविद्यालय, जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर पावर हाउस मार्केट, जोन क्रमांक 04 स्वामी आत्मानंद पंडित जवाहर लाल नेहरू स्कूल न्यू खुर्सीपार एवं जोन क्रमांक 05 सेक्टर 06 सांई मंदिर परिसर में स्वच्छता शपथ एवं श्रमदान किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा स्वच्छता सेल्फी पाइंट बनाकर रंगोली एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान जोन आयुक्त, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, सुपरवाइजर सहित स्कूल एवं कालेज के स्टाफ उपस्थित रहे।

